हरिभूमि

# सोनीपत भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 15 दिसंबर 2023

तापमान

अधिकतम 22.7 डिग्री
न्यूनतम 5.6 डिग्री

11 जान जोखिम में डाल अंडरब्रिज से निकलने को मजबूर चालक



12 मंदिर के निर्माणाधीन गेट को तोड़ने का विरोध



## खबर संक्षेप

### कैंटर की सीएनजी किट ईसीएम चोरी

**खरखौदा।** फिरोजपुर बांगर गांव में घर के बाहर खड़े कैंटर का सीएनजी किट इसीएम चोरी हो गया है। रविंद्र राणा ने बताया कि उसने अपने कैंटर को अपने घर के बाहर गली में खड़ा किया हुआ था। अगली सुबह जब उसने गाड़ी की जांच की तो उसमें से एसीएम चोरी होना पाया गया। जिसकी सूचना पुलिस को दी गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### माहरा में महिला को घर में घुसकर डंडे से पीटा

**गोहाना।** माहरा में पानी के विवाद में पड़ोस के दो लोगों ने घर में घुसकर एक महिला को डंडों से पीट दिया। शोर मचाने पर आसपास के लोग एकत्रित हुए तो हमलावर भाग गए। बरोदा थाना में मामला दर्ज किया गया। माहरा की रेखा ने पुलिस को बताया कि वह अपने घर में काम कर रही थी। उसी समय पड़ोसी कृष्ण व प्रवीन डंडों के साथ उसके घर में घुस आए। दोनों ने उसे डंडों से पीटा।

### प्राइवेट बस के स्टाफ पर फोन तोड़ने का आरोप

**गोहाना।** जींद-गोहाना रूट पर चलने वाली एक प्राइवेट बस के स्टाफ पर गांव पांची के पूर्व सरपंच सुरेंद्र ने उसका मोबाइल पटक कर तोड़ने और दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया। गोहाना बस स्टैंड पर पहुंचकर उसने पुलिस को शिकायत दी। सुरेंद्र ने पुलिस को बताया कि जींद में उसकी कार खराब हो गई थी। उसने कार को जींद में खड़ा गया और वह प्राइवेट बस में बैठकर गोहाना आ रहा था। बस में आपत्तिजनक गाने बजाए जा रहे थे, जिस पर उसने एतराज जताया। गाने बजाने बंद न करने पर उसने मोबाइल निकालकर विडियो रिकार्डिंग शुरू कर दी।

### घर में सेंध लगाकर 80 हजार और गहने चुराए

**गोहाना।** गांव बीधल में चोरों ने ग्रामीण सुमित के घर में सेंध लगा दी। चोर उनके घर से 80 हजार रुपये और आभूषण चोरी कर ले गए। सुमित ने पुलिस को बताया कि वह खेती करता है और मंगलवार रात को अपने घर के चौबारे में जाकर सो गया। उसके माता पिता भूतल पर बने कमरे में सो गए। भूतल पर कमरे के साथ स्टोर बना हुआ है, जिसमें कीमती सामान रखा हुआ था। वह अगले दिन सुबह पशुओं को चारा डालने के लिए उठा तो स्टोर व कमरे के दरवाजे खुले मिले। स्टोर में सामान बिखरा हुआ था।

### भाई बहन की कनपटी पर तानी की पिस्तौल

**गोहाना।** गांव आंवली में जमीन बेचने से मना करने पर एक ग्रामीण ने अपनी बहन की कनपटी पर पिस्तौल तान दी। बहन का आरोप है कि उसका भाई घर की जमीन बेचना चाहता है लेकिन वह मना कर रही है। बहन ने मारपीट करने का भी आरोप लगाया। बहन की शिकायत पर सदर थाना में मामला दर्ज किया गया। गांव आंवली के अंजू ने पुलिस को बताया कि मंगलवार को उसके भाई सोनू ने उसकी कनपटी पर अवैध पिस्तौल तान दिया।

### कर्मचारियों का विस सेशन आज से

**सोनीपत।** सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा द्वारा प्रदेश की सरकार द्वारा 15 दिसंबर से 19 दिसंबर तक चलने वाला विधानसभा सेशन की तर्ज पर कर्मचारी पूरे प्रदेश में विधानसभा सेशन चलाएंगे। जिसमें कर्मचारियों की असेंबली का नाम दिया गया है। डीसी कार्यालय सोनीपत पर विस का स्पेशल सेशन कर्मचारियों की असेंबली के नाम से चलाया जाएगा। जिसमें जिला प्रधान देशराज नेन स्पीकर की भूमिका अदा करेंगे। विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी स्पीकर की इजाजत लेकर जनता की मांगों के सवाल करेंगे। विधानसभा सत्र के साथ कर्मचारी असेंबली चलाई जाएगी जो लगातार 18 दिसंबर तक डीसी कार्यालय सोनीपत में चलेगी।

नपा कर्मचारी संघ के आह्वान पर दो दिवसीय हड़ताल हुई शुरू

# 421 सफाई कर्मचारी उतरे हड़ताल पर, काले झंडे लेकर निकाला जुलूस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

नगरपालिका कर्मचारी संघ के आह्वान पर नगर निगम क्षेत्र में 421 सफाई कर्मचारी दो दिन की हड़ताल में शामिल हुए। हड़ताल के पहले दिन नगर निगम कार्यालय में धरना दिया गया और शहर में काले झंडे लेकर जुलूस निकाला गया। हड़ताल के चलते शहर के वार्ड नंबर 1, 2, 11, 12 व 13 में सड़कों व नालों की सफाई नहीं हो सकी। जिसकी वजह से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। निगम कार्यालय में धरना स्थल पर कर्मचारियों ने नारेबाजी की और सरकार से लंबित मांगों को पूरा किए जाने की मांग की। मंच संचालन जिला प्रधान संदीप तूर ने किया।

गुरुग्राम नगर निगम में छंटनीग्रस्त कर्मचारियों के समर्थन व समझौते के अनुसार मानी गई मांगों को लागू करने को लेकर मंगलवार को नगर निगम के सफाई कर्मचारियों ने हड़ताल शुरू की। नगर पालिका कर्मचारी संघ के सोनीपत इकाई के प्रधान भारत कंडेरा की अध्यक्षता में सफाई कर्मी धरने पर बैठे।

### एजेंसी के तहत लगे कर्मचारियों ने की सफाई

भारत कंडेरा ने कहा कि सरकार ने 29 अक्तूबर 2022 और 5 अप्रैल को कर्मचारी प्रतिनिधिमंडल से वार्ता के दौरान दर्जनभर मांगों पर सहमति जताई थी लेकिन आज तक मानी गई मांगों के पत्र जारी नहीं किए। सरकार ने 8 फरवरी को सफाई कर्मचारी व सीवर मैनों के रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से वर्षों से लगे अनुबंध सफाई कर्मचारियों को अनुभव के आधार पर नियमित नियुक्ति करने के आदेश जारी किए थे लेकिन आज तक इस पत्र को लागू नहीं किया गया अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों को 58 वर्ष की नौकरी की गारंटी देने का पत्र जारी नहीं किया गया। इस दौरान नगर पालिका कर्मचारी संघ के राज्य प्रेस सचिव राजीव खत्री, फायर से जगदीप, ओमप्रकाश, अजीत, महिला सब कमेटी प्रधान कमलेश, बबीता, रानी, इकाई कोषाध्यक्ष दीपक बहोत, विशाल, त्रिलोक, सन्नी, सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला प्रधान देशराज नैन समेत अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

### पांच वार्डों में नहीं हुई सफाई

नगर पालिका कर्मचारी संघ के बैनर तले सफाई कर्मचारियों ने हड़ताल शुरू की है। जिसकी वजह से निगम के 20 वार्डों में से 5 वार्डों में सफाई का काम नहीं हो सका। इसमें वार्ड नंबर 1, 2, 11, 12 व 13 शामिल रहे। इसके अलावा मुख्य सड़कों व नालों की सफाई भी नहीं हो सकी। जिसकी वजह से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। बाकि शहर में निगम की सफाई एजेंसी के तहत लगे कर्मचारियो ने सफाई का काम किया।



■ हड़ताल के कारण नहीं हो पाई वार्ड नंबर 1, 2, 11, 12 व 13 की सफाई

### पांच वार्डों में नहीं हुई सफाई

421 सफाई कर्मचारी हड़ताल पर रहे। जिसकी वजह से निगम क्षेत्र के पांच वार्डों में सफाई नहीं हो सकी। सभी कर्मचारियों की गैर हाजिरी लेकर रिपोर्ट मुख्यालय भेज दी गई है। बाकी 15 वार्डों में ठेकेदार के माध्यम से सफाई पहले की तरह कराई गई। साथ ही डोर-टू-डोर कूड़ा एकत्रित किया गया और डंपिंग प्वाइंटों से कूड़े का उठान जारी रहा।

- **साहब सिंह,** मुख्य सफाई निरीक्षक, नगर निगम

### ये हैं कर्मचारियों की मांगें

- रेगुलाइजेशन की नीति बनाई जाए।
- सभी प्रकार के ठेकों एवं हरियाणा कौशल रोजगार निगम को भंग किया जाए।
- अग्निशमन विभाग के 1327 ड्राइवर व फायरमैनों को सृजित पदों फायर ऑपरेटर कम ड्राइवर के पदों पर समायोजित कर पक्का करो।
- अग्निशमन विभाग को शहरी स्थानीय निकाय विभाग में शामिल किया जाए।
- अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों को अन्य कर्मचारी के समान वर्दी व धुलाई भत्ता देने।
- छटनी ग्रस्त सफाई कर्मचारियों को ड्यूटी पर वापस लिए जाए।
- पुरानी पेंशन नीति बहाल किया जाा।
- 29 अक्तूबर 2022 व 5 अप्रैल 2023 के समझौते लागू किए जाए।
- वेतन विसंगतियां ठीक की जाए।

# जिला बार एसो. की चौधर का फैसला होगा आज, 9 बजे शुरू होगा मतदान

## चुनाव से एक दिन पहले नियुक्त किए पर्यविक्षक, 1305 मतदाता डालेंगे वोट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिला बार एसोसिएशन के चुनाव को लेकर आज सुबह नौ बजे से देर शाम चार बजे तक मतदान होगा। जिसको लेकर गठित चुनाव टीम की तरफ से सभी तैयारियों को पूरा किया जा चुका है। सभी अधिवक्ताओं को चुनाव की गाइडलाइन जारी कर दी गई हैं। मतदान स्थल पर कोई फोटो नहीं ले सकेगा और ना ही मोबाइल से वीडियोग्राफी की जाएगी। वहीं मतदाताओं को अपना पहचान पत्र पास रखना होगा। जरूरी होने पर उसको चेक किया जा सकता है। मतदान के बाद देर शाम को चुनाव के नतीजे घोषित किए जायेगें।

जिला बार एसो. में कुल 1305 वोटर अधिवक्ताओं की फाइनल लिस्ट वर्ष 2023-24 के चुनाव के लिए हुई है। जिसमें करीब 180 महिलाएं अधिवक्ता शामिल है। चुनाव कमेटी की तरफ से कोर्ट परिसर में बैनर लगाने व पोस्टर लगाने पर पुरी तरह से प्रतिबंध दिया था। मात्र सोशल साइट व विजिटिंग कार्ड के जरिए ही उम्मीदवार वोटर से अपने पक्ष में समर्थन लेने की अपील करने की आजादी थी। शुक्रवार आज सुबह नौ बजे से मतदान शुरू हो जायेगा। जोकि देर शाम चार बजे तक चलेगा। उसके बाद वोटों की गिनती शुरू होगी। मतदान वाले दिन वोट डालने वाले अधिवक्ताओं को अपने पास बार काउंसिल पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट की ओर से जारी पहचान पत्र को रखना होगा। मांगे जाने पर दिखाना होगा।

### दहिया पर्यवेक्षक बने

बार एसोसिएशन चुनाव से एक दिन पहले ही जिला बार एसोसिएशन व खरखौदा बार एसोसिएशन के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए है। हरियाणा एवं पंजाब बार काउंसिल के चेयरमैन अशोक सिंगला की तरफ से जारी पत्र में जिला बार एसोसिएशन में अधिवक्ता सुरेश गहलावत व खरखौदा बार एसोसिएशन में अधिवक्ता कुलदीप दहिया को पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। वह चुनाव की निगरानी रखेंगे। चुनाव को पारदर्शिता से कराने के लिए इन्हें नियुक्त किया गया है।



### प्रधान पद को चार प्रत्याशी-

बार चुनाव में प्रधान पद के लिए अनिल ढुल, जयभगवान शर्मा, संदीप मलिक और कमल हुड्डा में मुकाबला होगा। सभी अपने पक्ष में मतदान को लेकर प्रचार कर रहे हैं। वहीं उप प्रधान के लिए युविका, जोगिंद्र मलिक और आशीष गर्ग मैदान में है। सचिव पद के लिए अंकित त्यागी, कुसुम दहिया और संदीप खर्ब में मुकाबला होगा। खंजाची पद के लिए ध्रुव डेंबला, गौरव आंतिल और प्रवीन कुमार ढिल्लो में मुकाबला होगा।

### जरूरी दिशा-निर्देश जारी

- मतदान स्थल पर मोबाइल से फोटो व वीडियो बनाना प्रतिबंधित किया है।
- बैलट पेपर पर अधिकृत मुहर ही लगानी होगी।
- बैलट पेपर कटा-फटा नहीं होना चाहिए।
- मतदान से पहले बाहर लगी वोटर लिस्ट में अपना नाम देखकर ही मतदान करने आए।
- वोट संख्या 1 से 669 जिसमें ए से एन अक्षर के नाम वाले अधिवक्ता शामिल किए गए है।
- वह मतदान को लाइब्रेरी के मुख्य गेट से अंदर आएंगे।
- वहीं वोट संख्या 670 से 1305 जिन अधिवक्ताओं के नाम ओ से जेड अक्षर तक शामिल किए हैं।
- वह लाइब्रेरी के दक्षिण में स्थित बरामदा से होते हुए मतदान को जाएंगे।
- मतदान बूथ पर भीड़ जमा नहीं होने दी जायेगी।

# गन्नौर बार एसो. के चुनाव को लेकर दावेदारों ने पूरी ताकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर


■ वोटिंग समाप्त होने के तुरंत बाद होगी मतगणना शुरू

गन्नौर बार एसोसिएशन की चौधर का फैसला शुक्रवार को होगा। सुबह 9 बजे से शाम 4:00 बजे तक मतदान होगा। वोटिंग समाप्त होने के तुरंत बाद मतगणना शुरू होगी। देर शाम तक सारे परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे। जीत के लिए सभी पदों के दावेदारों ने पूरी ताकत के साथ ताल ठोकी हुई है। हालांकि, सबसे ज्यादा दिलचस्प मुकाबला प्रधान पद को लेकर नजर आ रहा है। एक तरफ पहली बार प्रधान पद पर वरिष्ठ अधिवक्ता युद्धवीर रापरिया चुनाव लड़ रहे हैं वहीं दूसरी और पूर्व प्रधान अरुण पहल एक बार फिर से चुनावी मैदान में उतरे हुए हैं। दोनों अपनी जीत को लेकर आश्वस्त नजर आ रहे हैं। हालांकि जीत के लिए दावेदार वोटरों को लुभाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं, इतना ही नहीं जाति गत समीकरण तक भिड़ाए जा रहे हैं।

### सुंदर रापरिया आब्जर्वर नियुक्त

बार काउंसिल ने चुनाव संपन्न कराने के लिए एक आब्जर्वर की नियुक्ति की है। 15 दिसंबर को होने वाले मतदान में 195 अधिवक्ता मतदान करेंगे। चुनाव की गतिविधियों पर सीसीटीवी कैमरों की मदद से नजर रखी जाएगी। चुनाव अधिकारी सुशील त्यागी ने बताया कि बार काउंसिल ने शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न करवाने के लिए अधिवक्ता सुंदर रापरिया को आब्जर्वर नियुक्त किया है। आब्जर्वर सुंदर रापरिया चुनाव की हर गतिविधियों पर नजर रखेंगे। चुनाव में मतदान की प्रक्रिया पूरी होने के बाद मतगणना की प्रक्रिया शुरू होगी। देर शाम तक बार प्रधान, सचिव व उपप्रधान का चुनाव घोषित किया जाएगा।

# नारियल के नीचे छिपा कर ले जा रहे थे मांस, गाड़ी को पकड़ा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

जीटी रोड पर भिगान टोल प्लाजा के पास बृहस्पतिवार को गो रक्षकों ने मांस से भरी एक गाड़ी पकड़ी है। मांस को नारियल के नीचे छिपा कर ले जाया जा रहा था। गो रक्षकों ने गाड़ी व चालक को मुरथल पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने चालक को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपित आसिफ गांव गुंगरू, जिला शामली, यूपी का रहने वाला है। वह अवैध रूप से मांस लेकर दिल्ली की तरफ जा रहा था। गो रक्षकों ने गुप्त सूचना पर उसे भिगान टोल प्लाजा पर पकड़ लिया। मुरथल थाना में दी शिकायत के अनुसार गो रक्षक मालवीय नगर सोनीपत के रहने वाले आनंद कुमार 14 दिसंबर की सुबह अपने साथियों के साथ भिगान टोल प्लाजा के पास मौजूद था। उन्होंने गुप्त सूचना पर दिल्ली की तरफ जा रही एक पिकअप बोलेरो को रुकवा लिया। तालाशी लेने पर उसमें नारियल के नीचे मांस भरा हुआ मिला। उनका कहना है कि गाड़ी में गोमांस भर कर दिल्ली की तरफ ले जाया जा रहा था। इसके बाद उन्होंने गाड़ी चालक आसिफ को गाड़ी सहित मुरथल पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने आनंद कुमार की शिकायत पर हरियाणा गोवंश संरक्षण एवं गोवर्धन अधिनियम के तहत आसिफ के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सैंपल जांच के लिए भेजे

मुरथल थाने के जांच अधिकारी उप निरीक्षक विजेंद्र कुमार ने बताया कि गाड़ी में मांस के साथ-साथ गाय की खाल भी मिली है। हालांकि पुष्टि के लिए पशु चिकित्सकों को भी बुलाया गया। चिकित्सकों ने मांस के सैंपल लेकर फरीदाबाद जांच के लिए भेज दिए हैं। जांच रिपोर्ट आने के बाद भी गोमांस होने की पुष्टि हो पाएगी। पूछताछ में चालक ने बताया है कि वह मांस को पंजाब के खन्ना से लोड कर दिल्ली सप्लाई करने जा रहा था। गाड़ी में करीब 35 क्विंटल के करीब मांस है।

**पांच दिन पहले भी पकड़ी थी गाड़ी:** पांच दिन पहले 9 दिसंबर को भी गो रक्षा दल के सदस्यों ने भिगान टोल प्लाजा के पास से एक मांस से भरी एक कार को पकड़ा था। कार के अंदर पिछली सीट पर मांस रखा हुआ था। कार का चालक मोहम्मद अरशद उत्तर प्रदेश के जिला मेरठ के हुमायूनगर का रहने वाला था जबकि उसके साथ मेरठ के सदीक नगर निवासी शाह आलम भी मौजूद था। जिसके बाद उन्होंने कार व दोनों व्यक्तियों को मुरथल पुलिस को सौंप दिया था। जिसके बाद दोनों के खिलाफ मुरथल थाना में मुकदमा दर्ज कर लिया था।

# सड़क दुर्घटना में गर्भवती महिला के गर्भ में पल रहे बच्चे की मौत

**खरखौदा।** राष्ट्रीय राजमार्ग 334बी पर बाईपास के पास बाइक सवार दंपती व उनके दो साल के बेटे को इको स्पोर्ट्स गाड़ी ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार नौ माह की गर्भवती महिला व उनके पति घायल हो गए। दोनों को अस्पताल में ले जाया गया, जहां महिला ने मृत बच्ची को जन्म दिया। पुलिस ने गाड़ी चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। जिला नागरिक अस्पताल में नवजात बच्ची के शव का पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजनों को सौंप दिया। एकता चौक निवासी दीपक ने पुलिस को बताया कि उनकी पत्नी पूजा नौ माह की गर्भवती थी। दीपक का कहना है कि उन्होंने अपनी पत्नी का इलाज सोनीपत के निजी अस्पताल में चलवा रखा था। बुधवार दोपहर वह अपनी पत्नी का अल्ट्रासाउंड करवाने के लिए सोनीपत जा रहे थे। इस दौरान बाइक पर उनका दो वर्षीय बेटा खुशांश भी साथ था। जब वह राष्ट्रीय राजमार्ग 334बी पर खरखौदा बाईपास से निकले तो पीछे से ईको स्पोर्ट्स गाड़ी ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।

# सीआरए कॉलेज ओवरऑल चैंपियन बना




**सोनीपत।** एमडीयू रोहतक में आयोजित एथलेटिक्स खेल प्रतियोगिताओं में सीआरए कॉलेज सोनीपत ने ओवरऑल चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया है। विश्वविद्यालय के खेल समापन समारोह में विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित करने के लिए मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. नरेंद्र सिंह (प्रेसिडेंट ऑफ स्पोर्ट्स काउंसिल एमडीयू रोहतक) ने अपनी गरिमामई उपस्थिति दर्ज कराई। जिन्होंने खिलाड़ियों को मैडल व ट्राफी देकर सम्मानित किया, विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो. आरपी गर्ग स्पोर्ट्स डायरेक्टर, डॉ शाकुन्तला बेनीवाल डिप्टी स्पोर्ट्स डायरेक्टर, डॉ विकास गहलावत खेल निरीक्षक सीआए कालेज सोनीपत, डॉ. रमेश संधु व अमरजीत सिंह आदि उपस्थित रहे। सभी विजेता विद्यार्थीयों के कॉलेज प्रांगण पहुंचने पर उनका स्वागत किया गया, जिनके लिए टीकाराम एजुकेशन सोसाइटी के प्रधान सुरेंद्र सिंह दहिया ने बधाई दी व उज्जवल कामना संबंधित संदेश भेजा।

# आरटीओ विभाग ने ओवरलोडेड भारी वाहनों के 5 लाख के चालान काटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

■ देवीलाल चौक पर नाका लगा कर भारी वाहनों की जांच की।

क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय भारी वाहन चालान (आरटीओ) के अधिकारियों ने सड़क सुरक्षा को लेकर गन्नौर में अभियान चलाया। अभियान के तहत विभाग की टीम ने देवीलाल चौक पर नाका लगा कर भारी वाहनों की जांच की। इस दौरान ओवरलोडेड भारी वाहनों के करीब 5 लाख के चालान काटे गए। चालान काटने के साथ ही टीम ने वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा नियम के प्रति जागरूक भी किया गया। मोटर व्हीकल अधिकारी गुरप्रीत सिंह संधु ने बताया कि सड़क सुरक्षा अभियान के तहत आरटीओ विभाग ने सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने व हादसों से बचाने के लिए नियम तोड़ने वाले ओवरलोड वाहन चालकों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों के चालान काटे जा रहे हैं तथा साथ ही उन्हें यातायात नियमों की पालना करने बारे प्रेरित किया गया है और वाहनों पर रिफलेक्टर भी लगाए गए। इस दौरान ओवर लोडेड वाहनों के करीब 5 लाख रुपये की चालान भी किए गए। उन्होंने बताया यह अभियान अब लगातार जारी रहेगा।

## चीनी मिल पेराई सत्र: अब तक 2.84 लाख क्विंटल की हुई पिराई

# ऑनलाइन टोकन के जरिए पहले दिन 11 हजार क्विंटल गन्ना बुक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

शहर के कामी सड़क मार्ग पर स्थित दी सहकारिता चीनी मिल सोनीपत द्वारा निर्मित चीनी मिल के आधुनिक एप का किसानों को लाभ मिलना शुरू हो गया है। गन्ना उत्पादकों ने पहले दिन एप के माध्यम से करीब 11 हजार क्विंटल गन्ने की ऑनलाइन बुकिंग की है। किसान को उक्त गन्ने की फसल को लेकर मिल में कांटे पर एक घंटे पहले पहुंचना है। मिल प्रबधंन की तरफ से ऑनलाइन गन्ना बुकिंग करने के लिए 20 हजार क्विंटल गन्ने का बॉड जारी किया था। बता दें कि शहर के कामी सड़क मार्ग स्थित चीनी मिल की तरफ से गन्ना उत्पादकों को सुविधा देने के लिए गत वर्षो पहले एप तैयार किया था। प्रदेश में चीनी मिल पहला ऐसा मिल था जहां उक्त एप के जरिए गन्ना उत्पादक मिल में डालना शुरू किया। उसके बाद चौ. देवीलाल चीनी मिल आहुलाना सहित अन्य मिलों को उक्त एप की सुविधा को शुरू किया गया था। उक्त एप में किसान को अपनी पर्ची, वार्ड में ट्रालियों की संख्या, गन्ने का सर्वे, पेराई के आकड़े, पुरानी पर्ची जमा करने, भुगतान, बाहरी गनना क्रय-केंद्र की सुविधा दी गई थी।



### एप से मिल रहा लाभ

मिल का एप किसानों को बेहतरीन सुविधा देने के लिए तैयार किया गया है। जोकि मिल का पत्थर साबित हो रहा है। पहले दिन किसानों ने करीब 11 हजार क्विंटल गन्ने की बुकिंग की है। मिल प्रबंधन की तरफ से किसानों को सुविधा देने के लिए हर संभव कदम उठाने का काम किया जा रहा है। अब तक मिल प्रबंधन की तरफ से दो लाख 84 हजार क्विंटल गन्ने की पेराई की जा चुकी है।

-**संजय सिंह,** एमडी चीनी मिल सोनीपत

# कैंटर में मिली 240 पेटी अवैध शराब



**खरखौदा।** पीओ स्टाफ पुलिस टीम ने शहर के मटिण्डू बाईपास पर नाकाबंदी करके एक कैंटर में भरी अवैध शराब की गाड़ी को काबू किया है। कैंटर में 240 पेटी अंग्रेजी शराब की भरी हुई थी। नाकाबंदी के दौरान एक कैन्टर रोहतक रोड की तरफ से सांपला रोड की तरफ आ रहा था । पुलिस की नाकाबन्दी को देखकर चालक अपने कैन्टर को वापिस मोडने लगा। पुलिस ने कैंटर को शक के आधार पर रुकवा कर पूछताछ की। पूछताछ में चालक ने अपना नाम हसनगढ़ निवासी रोहित बताया। साथ मे बैठे कन्डेक्टर ने अपना नाम रोहणा निवासी आशिन बताया। इसी दौरान कैन्टर की जांच की गई तो कैन्टर की बाडी के अन्दर लोहे की चद्दर लगाकर अलग से बनाये गये खाने मे शराब की पेटियां मिली। जिनकी गिनती करने पर 95 पेटी अध्धा व 145 पेटी बोतल इंपीरियल ब्लू मिली। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्जकर जाँच शुरू कर दी है।

रोचक



बच्चों, पिछले अंक में हमने तुम्हें देश भर के रंग-बिरंगे विंटर फेस्टिवल्स के बारे में बताया था। इस बार हम तुम्हें विदेशों में होने वाले तीन अनोखे विंटर फेस्टिवल्स के बारे में बता रहे हैं।

# अजब-गजब विंटर फेस्टिवल्स

## जुब्लजाना ड्रैगन कार्निवल, स्लोवेनिया

**विंटर सीजन** में यूरोप महाद्वीप के एक देश स्लोवेनिया की राजधानी जुब्लजाना में जुब्लजाना ड्रैगन कार्निवल आयोजित किया जाता है। यह फेस्टिवल पूरे यूरोप महाद्वीप में सबसे अनोखे विंटर कार्निवल फेस्टिवल्स में से एक माना जाता है। कार्निवल में लोग अनोखी वेशभूषा पहनते हैं। कार्निवल में एक ग्रीन ड्रैगन के पुतले का खास अट्रैक्शन होता है। इसे राजधानी जुब्लजाना का प्रतीक चिन्ह भी माना जाता है। कार्निवल के दौरान चारों ओर बहुत रंग-बिरंगा माहौल हो जाता है। इस बार के जाड़े में यह फेस्टिवल अगले साल 6 से 16 फरवरी के बीच आयोजित होगा। *

## ह्वाचेओन सांचेओनियो आइस फेस्टिवल, साउथ कोरिया





**बच्चों, साउथ** कोरिया में विंटर फेस्टिवल बहुत हटकर सेलिब्रेट किया जाता है। यहां हर साल जनवरी-फरवरी में ह्वाचेओन सांचेओनियो आइस फेस्टिवल आयोजित होता है। यह दुनिया में बहुत ही यूनीक विंटर फेस्टिवल है और दक्षिण कोरिया के नागरिकों के बीच बहुत पॉपुलर है। यह विंटर फेस्टिवल कड़ाके की ठंड में मछली पकड़ने का फेस्टिवल है। विंटर फेस्टिवल दक्षिण कोरिया के गैंगवॉन डो नामक स्थान पर ह्वाचेओन रिवरसाइड पर आयोजित किया जाता है। पूरे साउथ कोरिया से यहां आने वाले पर्यटक ठंड की वजह से जमी हुई ह्वाचेओन नदी में मछलियां पकड़ते हैं। मछली पकड़ने के लिए जमी हुई नदी की ऊपरी परत में छेद किया जाता है। तुम्हें जानकर हैरानी होगी कि नदी में ग्यारह हजार से ज्यादा छेद किए जाते हैं। बच्चों, मछली पकड़ने के लिए लोग कतार में बैठकर अपने साथ लाए उपकरणों से घंटों तक मछली पकड़ने की कोशिश करते हैं। इस फेस्टिवल में लाखों की संख्या में लोग भाग लेते हैं। जमी हुई नदी पर दूर दूर तक लोगों की भीड़ दिखाई देती है। इस फेस्टिवल में बच्चे भी मछली पकड़ते हैं। फेस्टिवल में एक अनूठी प्रतियोगिता भी आयोजित होती है, जिसमें प्रतियोगियों को बर्फीले पानी में नंगे हाथों से मछली पकड़नी होती है। इसके लिए जमी हुई नदी में एक जगह बड़ा-सा गोल आकार का गड्ढा किया जाता है। फिर कई सारे प्रतियोगी इसी छेद में हाथ डालकर मछली पकड़ने की कोशिश करते हैं। मछली पकड़ने के अलावा फेस्टिवल में मनोरंजन के लिए कई और आइस स्पोर्ट्स खेले जाते हैं। इस बार यह फेस्टिवल 6 से 28 जनवरी 2024 को आयोजित होगा। *

## एम्स्टर्डम लाइट फेस्टिवल, नीदरलैंड्स



**नीदरलैंड्स की** राजधानी एम्स्टर्डम में सर्दी के मौसम में दुनिया का सबसे अनोखा लाइट फेस्टिवल आयोजित होता है। इस अनोखे लाइट फेस्टिवल की शुरुआत साल 2012 में हुई थी। यह फेस्टिवल सर्दियों की अंधेरी रातों में एम्स्टर्डम नहर के किनारे आयोजित होता है। पिछले महीने 30 नवंबर से शुरू हो चुका यह लाइट फेस्टिवल अगले साल 21 जनवरी को समाप्त होगा। एम्स्टर्डम लाइट फेस्टिवल का हर साल एक स्पेशल सब्जेक्ट होता है, इस साल का विषय 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' है। लाइट फेस्टिवल में इस बार कुल 24 कलाकृतियां प्रदर्शित की गई हैं। सारी कलाकृतियां खुले आसमान के नीचे शहरों के बीच से बहने वाली नहरों के किनारे और पानी की सतह के ऊपर निर्मित की जाती हैं। इन कलाकृतियों को देखने के लिए कोई टिकट नहीं लेना पड़ता है। इस बार भी कई ऐसी अनोखी कलाकृतियां बनाई गई हैं, जिनको देखकर तुम्हें आश्चर्य होगा। जैसे- बात करने वाले लैंप, आभासी पुल, पानी में फोन इस्तेमाल करते सफेद रोशनी में चमकते पांच इंसान, पानी में खड़ा मेंटल वाला रोबोट जिसके पीठ पर कई सारे घर बने हैं, रंग-बिरंगी रोशनी से बना इंसानी चेहरा आदि। *



प्रस्तुति : देवेंद्र पांडे

# किसने बनवाया था टॉवर ऑफ लंदन

जानकारी




**ब**च्चों, टॉवर ऑफ लंदन, यूनाइटेड किंगडम (ब्रिटेन) की राजधानी लंदन के बीच से बहने वाली टेम्स नदी के किनारे बना एक भव्य किला है। इसको सन् 1078 में विलियम द कांकरर ने बनवाया था। इस परिसर में शाही महल के अलावा और भी कई भव्य इमारतें हैं। इसका निर्माण करने के लिए फ्रांस देश से पत्थर मंगाए गए थे। यहां राजसी बंदियों के लिए कारागार भी था। इस किले की एक विशेषता यह है कि यहां बड़ी संख्या में काले कौवे रहते हैं। किंवदंती है कि जिस दिन ये कौवे टॉवर ऑफ लंदन छोड़कर चले जाएंगे, तभी यहां राजशाही समाप्त हो जाएगी। हालांकि अब इस किले में राजपरिवार नहीं रहता है, लेकिन शाही जवाहरात इसमें सुरक्षित हैं, जिनमें मशहूर कोहिनूर हीरा भी शामिल है। *

प्रस्तुति : एफएमएन

क्या तुम जानते हो

# कैसे हुई अंतरिक्ष की खोज



गैलीलियो गैलिली | निकोलस कोपर्निकस

**आ**ज से लगभग 1,825 वर्ष पूर्व लिखी गई पुस्तक 'सच्चा इतिहास' में अंतरिक्ष यात्रा के बारे में वर्णन मिलता है। इसके लेखक थे यूनान के लूसियन। लेकिन इसमें अंतरिक्ष यात्रा का विषय एक व्यंग्य के रूप में दिया गया था, जो तत्कालीन राज्य के दोषों को उजागर करता था। इसमें चंद्रलोक और सूर्यलोक का दिलचस्प वर्णन है। फिर पोलैंड के खगोलशास्त्री निकोलस कोपर्निकस ने अपने तथ्यों के आधार पर बताया कि सूर्य, सौर-परिवार के केंद्र में है और पृथ्वी एक ग्रह है। फिर गैलीलियो गैलिली ने सन् 1610 में एक दूरदर्शी यंत्र का आविष्कार करके अंतरिक्ष के नजारों को बहुत निकट से देखने का प्रयास किया। उन्होंने चंद्रमा की सतह पर ऐसे दृश्य देखे, जो इससे पहले किसी ने नहीं देखे थे। दूरबीन की सहायता से अंतरिक्ष में झांकने वाले वे पहले वैज्ञानिक थे। इसके बाद तो अंतरिक्ष के बारे में नई-नई खोज शुरू हुई और आज भी अंतरिक्ष से जुड़े राज सामने आ रहे हैं। *

-एफएमएन

# बूझो तो जानें



1
धरती से निकली बाहर,
बंद रही काठ सदन में।
गरीबों का बादाम हूं
बसी सभी के ही मन में।

2
आसाम-बंगाल वासी,
घर-घर में पी जाती।
श्याम वर्ण है मेरा पर,
सबको मैं खूब लुभाती।

3
गन्ने के रस से बनता हूं,
लेकिन रंग अलग है।
सर्दियों का मिष्ठान मैं,
मेरा ढंग अलग है।

4
सर्दी के आते ही मैं,
स्नानघर का वीर।
दीवार पर लटका रहूं,
गर्म करता हूं नीर।

-गोविंद भारद्वाज

उत्तर- 1-मूंगफली, 2-चाय, 3-गुड़, 4-गीजर

कविता / डॉ. राकेश चक्र

# मम्मा इत्ते छोटे दिन



सूरज लगता बाल सुमन।
जगकर प्रातः करें नमन।।
नरम धूप सूरज की भइया
ता-ता-ता-ता थय्यक-थइया।।
बैठ धूप में मम्मा सुन।
सूरज लगता बाल सुमन।।
शाम गुलाबी, सुबह ठिठुरती।
रात की रानी खूब महकती।
हरसिंगार महक गुनगुन।
सूरज लगता बाल सुमन।।
शीत सताए रुवा ठुमकती।

बदरा बिजली कभी चमकती।
गाल गुलाबी, शीतल तन।
सूरज लगता बाल सुमन।।
कभी कुहासा, कभी उजाला।
धूप विटामिन डी का प्याला।
ओढ़ रजाई भरता मन।
सूरज लगता बाल सुमन।।
महक मोगरा मन है हरती।
चांद चांदनी खूब दमकती।
मम्मा इत्ते छोटे दिन।
सूरज लगता बाल सुमन।।

# हंसगुल्ले



**टिंकू से रिंकू-** तुम्हारी बेतुकी बातों से मेरा दिमाग खराब हो गया है। मैं तुम्हारे घर आ रहा हूं।
**रिंकू-** अरे! तब तुम मेरे घर नहीं, मेरे मामा जी के घर जाओ।
**टिंकू-** क्यों?
**रिंकू-** क्योंकि वो दिमाग के डॉक्टर हैं।
-संगीता, रायपुर

**रोहन-** क्या जुबान के भी पैर होते हैं?
**सोहन-** नहीं।
**रोहन-** फिर मम्मी क्यों कहती है कि तेरी जुबान दिन भर चलती रहती है?
- उमेश, जबलपुर

**डॉक्टर-** मिक्की, इस दवाई को दिन में चार चम्मच लेना।
**मिक्की-** फिर तो डॉक्टर अंकल मैं यह दवा नहीं पी पाऊंगी।
**डॉक्टर-** वो क्यों?
**मिक्की-** मेरे घर में तो सिर्फ दो चम्मच ही हैं।
-कविता, दुर्ग

# जीके क्विज-84



1. हाल में मिजोरम का नया मुख्यमंत्री कौन बना है?
2. गरबा नृत्य किस राज्य का प्रसिद्ध लोकनृत्य है?
3. सहारा रेगिस्तान किस महाद्वीप में स्थित है?
4. प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय गणित दिवस कब मनाया जाता है?
5. इंसानों के अलावा वह कौन-सा जानवर है, जो केला छीलकर खाता है?
6. किस शहर को संतरे के शहर के नाम से भी जाना जाता है?
7. सौरमंडल में सूरज से सबसे दूरी पर कौन-सा ग्रह स्थित है?
8. किस पक्षी के उड़ने की आवाज बिल्कुल भी नहीं आती है?
9. यूक्रेन की राजधानी का क्या नाम है?
10. मैदानी हॉकी खेल में एक टीम में कितने खिलाड़ी होते हैं?

बच्चों, जीके क्विज-84 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-83 का उत्तर :** 1-गुरुग्राम, 2-मिचौंग चक्रवात, 3-भालू, 4-23 दिसंबर, 5-दरियाई घोड़ा, 6-उदयपुर, 7-शनि ग्रह, 8-पांच आंखें, 9-कंगारू, 10-सात खिलाड़ी

**जीके क्विज-83 का सही उत्तर देने वाले :** रोशन-धमतरी, पारुल-रायपुर, पुष्पिका-सूरजपुर, चेतन-दल्ली राजहरा, मारुति-बिलासपुर, प्रियंका-रोहतक, रंजित-बिलासपुर, सुरेश-जबलपुर, विक्की-भोपाल, गौरव-डाबोदा कलां

कहानी

अशोक जोशी

# मीनू का प्यारा स्वेटर

मीनू अपनी चीजें शेयर क्या, किसी को छूने भी नहीं देती। एक दिन वह अपना पसंदीदा स्वेटर पहन कर बुके खरीदने गई। बुके की दुकान पर जब मीनू ने दुकान वाले की लड़की को ठिठुरती सर्दी में बिना किसी गर्म कपड़े के देखा तो वह बहुत दुखी हो गई। इसके बाद उसने जो किया, वह एक अनहोनी बात थी।



**घ**र में सबसे छोटी होने के कारण सभी मीनू से बहुत प्यार करते हैं। लाड़-प्यार में पली-बढ़ी मीनू थोड़ी जिद्दी है। उसमें एक आदत अच्छी है कि वह अपनी चीजों को बहुत सहेज कर रखती है। लेकिन वह अपनी चीजों को किसी को उपयोग करना तो दूर, छूने तक नहीं देती। रात को जब अचानक तेज बारिश के बाद सर्दी बढ़ी तो उसने अपना वह स्वेटर निकाल लिया, जो उसके पापा खासतौर पर उसके लिए पेरिस से लेकर आए थे।

मीनू को इस स्वेटर से बहुत प्यार था। किसी को भी इस स्वेटर पर हाथ लगाने नहीं देती थी। आज उसे अपनी दोस्त रितु के जन्मदिन पर जाना था। उसके पापा अपनी कंपनी की कॉन्फ्रेंस में लंदन गए हुए थे। उसने किसी तरह अपनी मम्मी को राजी कर लिया कि वह शाम को उसके साथ रितु के घर चलें। मम्मी भी मान गईं, क्योंकि रितु की मम्मी शालिनी उनकी सहेली थीं। शाम को मीनू तैयार हो गई। उसने अपना प्यारा स्वेटर पहना। उस स्वेटर में मीनू एकदम परी जैसी लग रही थी। मम्मी ने रितु को देने के लिए गिफ्ट को पैक करवा कर रख लिया था। दोनों कार में बैठकर निकल पड़ीं। बाहर कंपकंपाने वाली ठंड थी। मम्मी ने ड्राइवर को गाड़ी का ब्लोअर चालू करने को कहा। तभी मीनू को याद आया, वह बोली, 'अरे मम्मी! आप भूल गईं कि हमें रितु के लिए बुके भी लेना है?'

'अरे हां..! भैया, आप गाड़ी एमजी रोड से ले लीजिए। वहां से बुके ले लेते हैं।' मम्मी ने ड्राइवर से कहा। ड्राइवर ने एमजी रोड पर फुटपाथ पर एक बुके की दुकान के सामने कार रोकी। मम्मी ने मीनू से कहा, 'मैं बुके लेकर आती हूं। बाहर बहुत सर्दी है, तुम कार में ही बैठी रहो।'

'नहीं मम्मी, अपनी फ्रेंड के लिए तो मैं ही बुके पसंद करूंगी।' मीनू बोली।

'ठीक है आ जाओ।' मम्मी मान गईं।

दोनों बुके की दुकान पर पहुंचे। मीनू ने देखा दुकान पर बुके वाले की उसकी हमउम्र बेटी भी खड़ी थी। वह ठंड से कांप रही थी। मीनू उससे बोली, 'क्यों स्वेटर नहीं पहना? सर्दी लग जाएगी तो?'

'मेरे पास स्वेटर नहीं है।' वह बोली। मीनू को उस पर दया आ गई। उसने चुपचाप बुके पसंद किया और मम्मी के साथ आकर कार में बैठ गई। उसके सामने बुके वाले की लड़की का सर्दी से कांपता चेहरा घूम रहा था। मीनू ने मम्मी से पूछा, 'क्या हम उसकी मदद नहीं कर सकते?'

'जरूरतमंदों की मदद करना अच्छी बात है बेटा, लेकिन इस समय हमारे पास कार में दूसरा कोई गरम कपड़ा भी नहीं है।'

'लेकिन देखो ना मम्मी, वह लड़की ठंड में कैसे कांप रही है।' मीनू बड़े ही दुखी मन से बोली। उसने मम्मी से पूछा, 'मैं क्या अपना यह पहना स्वेटर उस लड़की को दे सकती हूं?'

'लेकिन यह स्वेटर तो तुम्हें सबसे प्यारा लगता है।' मम्मी बोलीं।

'तो क्या हुआ? हम दूसरा स्वेटर भी तो खरीद सकते हैं। उस बेचारी के पास तो इस कड़ी सर्दी में कोई गरम कपड़ा नहीं है। अभी-अभी आपने ही तो कहा कि जरूरतमंदों की मदद करना अच्छी बात है।' मीनू मासूमियत से बोली।

'यह तुम्हारा स्वेटर है। यदि तुम चाहो तो दे सकती हो।' मम्मी ने कहा। मीनू तुरंत कार से उतर कर मम्मी के साथ बुके वाले की दुकान पर गई। उसने अपना स्वेटर ठंड से कांपती लड़की को दे दिया। उसके चेहरे पर खुशी के भाव देखकर मीनू को बहुत अच्छा लगा। इसके बाद उसने रितु की बर्थ-डे पार्टी में ऐसी मस्ती की कि उसकी सारी ठंड हवा हो गई।

अगले सप्ताह मीनू के पापा लंदन से लौट आए। उसने पूछा, 'पापा, मेरे लिए क्या लाए हैं?' 'वही जो तुमने लाने को कहा था और अपनी लाडली बेटी के लिए एक चीज और खास लाया हूं।' पापा उसके सिर पर प्यार से हाथ फेरते हुए बोले। 'वह क्या?' मीनू ने उत्सुकता से पूछा।

'दो नए स्वेटर, जो पहले से भी ज्यादा गरम और नरम हैं।' कहते हुए उन्होंने मीनू के हाथों में दो स्वेटर रख दिए।


'लेकिन दो क्यों?' मीनू ने आश्चर्य से पूछा।

'ताकि हमारी बेटी किसी जरूरतमंद की मदद कर सके और खुद भी स्वेटर पहन सके। मुझे तुम्हारी मम्मी ने बता दिया था कि तुमने किस तरह से उस बुके वाले की लड़की को अपना स्वेटर दे दिया था। आइ एम प्राउड ऑफ यू माय लिटिल डार्लिंग!' कहते हुए पापा ने मीनू का माथा चूम लिया। *

छोटी कहानी / ललित शौर्य

# अनोखा उपहार

**मि**स्टर डिसूजा अब बूढ़े हो गए हैं। उनकी उम्र लगभग 75 साल के आस-पास हो गई होगी। मोहल्ले के बच्चे और बड़े उन्हें सांता बाबा के नाम से पुकारते हैं, क्योंकि वह पिछले कई वर्षों से क्रिसमस के समय सांता क्लॉज बनकर मोहल्ले में बच्चों को टॉफी, बिस्कुट और गर्म कपड़े उपहार के रूप में बांटते हैं। मिस्टर डिसूजा अकेले रहते हैं। उन्होंने शादी नहीं की है।




इधर पिछले कुछ दिनों से मिस्टर डिसूजा बीमार हैं। क्रिसमस नजदीक था। उनके मन में यही चल रहा था कि इस बार वह बच्चों को कैसे उपहार बांटेंगे? उन्हें तो इतनी तकलीफ है कि बिस्तर से उठ भी नहीं सकते। मोहल्ले में यह बात सबको पता हो गई थी कि मिस्टर डिसूजा बीमार चल रहे हैं। यह सुनकर ओजस ने अपने साथियों से बात की, 'तुम सबको पता होगा, मिस्टर डिसूजा यानी हमारे मोहल्ले के सांता बाबा बीमार हैं। वह बिस्तर से उठ भी नहीं पा रहे हैं। हमें उनके लिए कुछ करना चाहिए।' ओजस की इस बात पर सभी बच्चे बोले, 'हम क्या कर सकते हैं ओजस, हमें बताओ? तुम जो कहोगे, हम सब करने को तैयार हैं।' 'मिस्टर डिसूजा हर साल सांता क्लॉज बनकर हम सबको उपहार देते हैं। इस बार हम उन्हें सेवा का उपहार देंगे। जब तक वह ठीक नहीं हो जाते, हम सब उनकी सेवा करेंगे। उनके लिए हम अपने घर से खाना लेकर जाएंगे। उनके लिए जूस और फल भी ले जाएंगे।' ओजस ने दोस्तों से कहा।

अगले दिन से ही सभी बच्चे सांता बाबा की सेवा में लग गए। बच्चों की सेवा-भाव और प्रेम पाकर सांता बाबा 25 दिसंबर से पहले ही ठीक हो गए। उन्होंने बच्चों से कहा, 'तुम सब ने मेरी जो सेवा की, उसी का परिणाम है कि मैं अब स्वस्थ हो गया हूं। अब क्रिसमस के दिन मेरे घर पर बड़ी पार्टी होगी। तुम सबने तो क्रिसमस से पहले ही मुझे बहुत अनोखा सा उपहार दे दिया है। अब मेरी बारी है, तुम सब को उपहार देने की।'

बच्चे यह सुनकर बहुत खुश हुए कि हर बार की तरह इस बार भी उन्हें क्रिसमस पर मिस्टर डिसूजा के हाथों उपहार मिलेंगे। *

# अंतर बताओ

बच्चों, यहां स्कीइंग करते हुए बच्चे के एक समान दिखने वाले दो चित्र दिए गए हैं। दोनों चित्रों में 10 अंतर हैं। पांच मिनट में सभी अंतर ढूंढकर बताओ तो जरा।



उत्तर: 1-बच्चे की टोपी का पॉम-पॉम गोल आकार में है। 2-टोपी में बीच की नीली लाइन गायब है। 3-आइब्रोज के बीच में माथे पर सिर के बाल आ रहे हैं। 4-बच्चे के दाएं हाथ के ग्लव पर निशान है। 5-दाएं हाथ में पकड़े स्की स्टिक के नीचे वाले हिस्से की डिजाइन में अंतर है। 6-बाएं हाथ से पकड़े स्की स्टिक की डोर लटकी दिख रही है। 7-जैकेट पर गाढ़े हरे रंग का पैटर्न नहीं है। 8-बाएं पैर के पैंट में पॉकेट दिख रही है। 9-दाएं पैर की पैंट पर हल्के नीले रंग की लाइन की डिजाइन नहीं है। 10-बाएं पैर वाले स्कीइंग बोर्ड पर लहर वाली डिजाइन की संख्या में अंतर है।

# चित्र पूरा करो

यहां पर बर्फबारी में मस्ती करते बच्चों का एक अधूरा चित्र दिया गया है। चित्र को पूरा करने के लिए साइड में चार कटआउट्स रखे हैं। जल्दी से सारे कटआउट्स को सही जगह पर लगाकर चित्र पूरा करो।




उत्तर : A-1, B-2, C-4, D-3

## खबर संक्षेप

### गांव खानपुर कलां से युवक लापता

**गोहाना।** गांव खानपुर कलां में घर से चौपाल में गया चांद का बेटा सागर लापता हो गया। उसके वापस नहीं लौटने पर पिता ने सदर थाना में शिकायत दी। चांद ने पुलिस को बताया कि सागर मंगलवार को घर से चौपाल में खेलने की कहकर गया था। देर शाम तक वह घर वापस नहीं लौटा तो स्वजन ने उसकी तलाश की लेकिन सुराग नहीं लगा। इस पर पिता ने पुलिस को शिकायत दी।

### बाइक चोरी की वारदात में शामिल आरोपित दबोचा

**सोनीपत।** कुंडली थाना पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित राहुल उर्फ ठाकुर निवासी सफियाबाद का है। जांच अधिकारी सिपाही सुधीर ने बताया कि गत 7 जुलाई को इंद्र सिंह ने शिकायत देकर बताया था कि उसने अपनी मोटरसाइकिल को घर के बाहर खड़ा किया था। किसी ने बाइक को चोरी कर लिया।

### कांग्रेस की जन आक्रोश रैली के लिए बैठक 17 को

**गोहाना।** कांग्रेस पार्टी द्वारा 7 जनवरी को बरोदा हलके की जन आक्रोश रैली आयोजित की जाएगी। रैली के मुख्यातिथि नेता प्रतिपक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा होंगे। रैली में राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा सहित पार्टी के अन्य नेता भी शिरकत करेंगे। बरोदा हलका के विधायक इन्दुराज नरवाल ने बताया कि रैली की तैयारी के लिए 17 दिसंबर को गोहाना में नए बस स्टैंड के समीप स्थित कांग्रेस बरोदा विधानसभा कार्यालय पर प्रातः 10 बजे कार्यकर्ता बैठक होगी।

### आंखों की जांच और ऑपरेशन होंगे मुफ्त

**सोनीपत।** सेफ इंडिया फाउंडेशन व संजोग अस्पताल एल्डिगो सोनीपत के सयुंक्त अभियान में अब जरूरतमंद लोगों की आंखों की जांच व ऑपरेशन रोजाना होंगे। चेयरमैन वाईके त्यागी ने बताया कि संस्था द्वारा संसाधन के अभाव में कोई इलाज बिना ना रह सके अभियान के तहत हर महीने के पहले रविवार को शंभुदयाल स्कूल में हर बीमारी का व आंखों का मुफ्त इलाज कैंप लगाया जाता है।

### स्कूल से सामान चोरी का आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** शहर थाना पुलिस ने स्कूल से चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित कप्तान उर्फ काला निवासी कीर्ति नगर कालूपुर का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत मे पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

### छीनाझपटी-मारपीट का आरोपित पकड़ा

**सोनीपत।** कुंडली थाना पुलिस ने छीनाझपटी व मारपीट करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित साइम निवासी उत्तर पूर्वी दिल्ली का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। सेक्टर-56 फेस-5 कुंडली निवासी मोंटू ने गत 16 नवंबर को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि कंपनी से डयूटी खत्म कर साथियों के साथ निवासी स्थान पर जा रहा था।

### जानकारों को बुलाकर युवक से की मारपीट

**सोनीपत।** नागरिक अस्पताल के द्वितीय तल पर स्थित मेडिकल वार्ड में सुबह करीब 10 बजे हंगामा हो गया। वार्ड में भर्ती महिला की बेटी ने जानकारों को बुलाकर युवक से मारपीट कर घायल कर दिया। वारदात को अंजाम देकर युवक फरार हो गए। वहीं भर्ती महिला व युवती को अस्पताल प्रबंधन की तरफ से छुट्टी दे दी। घायल युवक ने मामले को लेकर डायल-112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी।

### 25 का साक्षात्कार चार का हुआ चयन

**सोनीपत।** गेटवे इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी द्वारा विद्यार्थियों की जॉब प्लेसमेंट के लिए एक कैंपस ड्राइव का आयोजन किया गया। इस प्लेसमेंट ड्राइव का संचालन हायर मी कंपनी द्वारा गेटवे प्रांगण में किया गया। इस दौरान 25 छात्रों का विभिन चरणों में साक्षात्कार किया और अंत में 4 छात्रों का चयन किया गया।

---

### रेलवे प्रशासन व सरकार के प्रति रोष

# जान जोखिम में डाल अंडरब्रिज से निकलने को मजबूर चालक

### कई बार हादसे, रेलवे-एचएसआरडीसी नही ले रहा संज्ञान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

अगवानपुर रेलवे फाटक पर रेलवे द्वारा रेलवे लाइन क्रासिंग के बाद अंडरब्रिज के निर्माण के साथ एक तरफ आवागमन का रास्ता तो बना दिया लेकिन अब अगवानपुर गांव की तरफ से लंबे समय बाद भी रास्ते का निर्माण नही हो रहा है। जब भी रेलवे फाटक बंद हो जाती है तो वाहनचालक जान जोखिम में डालकर अंडरब्रिज के अंदर से गुजरकर उबड़- खाबड़ रास्ते से अपनी जान जोखिम में डालकर निकलने को मजबूर है। अब रेलवे विभाग व एचएसआरडीसी संज्ञान नही ले रहा है। वाहन चालकों का आरोप है कि शायद विभागों को हादसे का इंतजार है और उसके बाद ही दूसरी तरफ से आने जाने का रास्ता बनाएगा। जिससे लोगों ने रेलवे प्रशासन व सरकार के प्रति रोष है। वाहन चालकों का कहना कि रेलवे द्वारा वाहनचालकों की सुविधा के लिए रेलवे क्रासिंग के लिए बनाए अंडरपास व एक तरफ रास्ता निर्माण में लाखों रुपए खर्च दिए गए है लेकिन अब राजलू गढ़ी की तरफ से अंडरपास में जाने के लिए रास्ते का निर्माण न किए जाने से वाहन चालक अपनी जान जोखिम में डालकर उबड-खाबड़ रास्ते व अंडरपास में भरे गंदे पानी व कीचड़ से निकलने को विवश है। कई बार हादसे भी हो चुके है। लोग सरकार को कोसते है। वाहन चालको का कहना कि फाटक के पास फलाई ओवर निर्माण के लिए दोनो तरफ आवागमन का रास्ता बनाने के लिए जोरो पर काम चला दिया है लेकिन फ्लाई ओवर के लिए जो निर्माण रेलवे की तरफ से करना है। वह कार्य बंद पड़ा हुआ है। जिससवे देखने में लगता है कि फ़्लाईओवर पर आने जाने का रास्ता तो बन जाएगा। लेकिन रेलवे क्रासिंग के लिए निर्माण कार्य पूरा नही होगा।



**गन्नौर।** अगवानपुर फाटक अंडरपास में रास्ता निर्माण न होने पर जान जोखिम में डालकर निकलते दोपहिया चालक।

#### रेलवे करवाएगा रास्ते का निर्माण

एचएसआरडीसी विभाग के जेई नरेश शर्मा ने रास्ते का निर्माण न होने का कारण बताया कि यह रास्ता रेलवे के अधिकार क्षेत्र में है। जिस कारण उसका निर्माण कार्य रेलवे ही करवाएगा। जिस कारण कार्य में देरी हो रही है। इस बारे में रेलवे के अधिकारी ही अब टैंडर लगने की जानकारी दे पाएंगे।

---

# सीएम के नाम का सौंपा ज्ञापन

- 100-100 गज के प्लाटों का इंतकाल मात्र दो-तीन परसेंट चढ़ाए : संजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



**सोनीपत।** एसडीएम को ज्ञापन देते जिला पार्षद संजय बड़वासनिया।

महात्मा गांधी आवास योजना के तहत 100 गज के प्लॉटों के इंतकाल दर्ज करवाने, पक्की गली, बिजली, पानी, सीवर की व्यवस्था करवाने की मांग को लेकर वीरवार को जिला पार्षद संजय बड़वासनिया ने सोनीपत एसडीएम को मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के नाम ज्ञापन दिया। संजय बड़वासनिया ने कहा कि 100-100 गज के प्लाटों का इंतकाल मात्र दो-तीन परसेंट चढ़ाए गए हैं, पूरे जिले के अंदर और काफी संख्या में ग्रामीण जिनके इंतकाल नहीं चढ़ाया गए हैं। उन्होंने कहा कि प्लाटों पर बिजली पानी, पक्की गलियां ना होने के कारण किसी भी गांव में कॉलोनियां विकसित नहीं हुई। गरीब परिवार लगातार अपने अधिकारों के लिए सरकारी कार्यालय के चक्कर काट रहा है। इस अवसर पर पूर्व सरपंच प्रदीप, रमेश भोला, ओम प्रकाश, राकेश, जोगिंद्र, मनजीत, ईश्वर, राजपाल, धर्मवीर, प्रकाश, मोहम्मद, राज सिंह, श्रीपाल, रणवीर, राजू आदि उपस्थित रहे।

# पीड़ितों को तुरंत प्रभाव से सहायता राशि उपलब्ध करवाई जाए: एडीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

अनुसूचित जातियों-जनजातियों की सुरक्षा व अत्याचार निवारण के उद्देश्य से गठित जिला स्तरीय सतर्कता एवं निगरानी कमेटी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी ने विभाग को प्राप्त 23 आवेदनों पर विस्तृत चर्चा की। एडीसी अंकिता चौधरी ने आवश्यक दिशा-निर्देश देते कहा कि पीड़ितों को तुरंत प्रभाव से सहायता राशि उपलब्ध करवाई जाये। साथ ही पीड़ितों को अन्य आवश्यक संभव मदद भी दी जाए। अतिरिक्त उपायुक्त ने जानकारी दी कि सेवा विभाग में सहायता के लिए आवेदन करें। विभाग के माध्यम से पीड़ितों को 85 हजार रुपये से लेकर 8 लाख 50 हजार रुपये तक की सहायता राशि प्रदान की जाती है। अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी ने बताया कि अनुसूचित जाति-जनजाति के पात्र व्यक्तियों को एफआईआर दर्ज होने पर ही 25 हजार रुपये तथा कोर्ट में चालान पेश होने के उपरांत 50 हजार रुपये की सहायता राशि दी जाती है। शेष राशि अलग-अलग चरणों में उपलब्ध करवाई जाती है। इसका लाभ लोगों को उठाना चाहिए और हर प्रकार के शोषण के खिलाफ आवाज बुलंद करनी चाहिए। नगराधीश पूजा कुमारी, जिला कल्याण अधिकारी राजबीर शर्मा, सुनील, सुरेंद्र कुमार आदि मौजूद थे।

### संजोग अस्पताल में फ्री प्लास्टिक सर्जरी कैंप 5 से

**गन्नौर।** भारतीय जैन संगठन दिल्ली एवं संजोग अस्पताल सोनीपत द्वारा जन सेवा अभियान के तहत 5 से 7 जनवरी तक निशुल्क प्लास्टिक सर्जरी कैंप का आयोजन किया जाएगा। कैंप जीटी रोड एल्डिको सिटी सोनीपत स्थित संजोग अस्पताल में लगाया जाएगा। संजोग अस्पताल के प्रबंध निदेशक डा. संजय जैन ने बताया कि अस्पताल में अमेरिका के चिकित्सकों द्वारा कटे फटे होंठ, पलकों की विकृति, कानों का टेढ़ापन, चेहरे के दाग, नाक कान की बाहरी विकृति आदि की सर्जरी की जाएगी। भारतीय जैन संगठन दिल्ली के महासचिव मनीष जैन ने उनका संगठन पिछले 31 वर्षों से लगातार निशुल्क प्लास्टिक सर्जरी कैंप लगावा रहा है, जिसमें अमेरिकी विशेषज्ञ प्लास्टिक सर्जन की टीम जरूरतमंद लोगों निशुल्क आपरेशन करती है। संगठन अब तक 3 लाख से अधिक रोगियों का इस शिविर के माध्यम से आपरेशन करवा चुकी है।

---

# ध्यान एकाग्रता में सहायक: लक्ष्मीनारायण

- अकबरपुर बारोटा के वमावि में छात्र छात्राओं को करवाया योगाभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



**सोनीपत।** कार्यक्रम के दौरान उपस्थित छात्राएं। *फोटो :हरिभूमि*

मिशन फिट सोनीपत अभियान में कार्यरत लक्ष्य स्वस्थ सोनीपत समिति के प्रधान व सूर्यनमस्कार के विश्व कीर्तिमानी लक्ष्मीनारायण ने सोनीपत जिले के गांव अकबरपुर बारोटा के वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में छात्र छात्राओं को योगाभ्यास करवाया। इस दौरान उन्होंने बताया कि विभिन्न शोधों में ये पाया गया है कि ध्यान के नियमित अभ्यास से एकाग्रता में वृद्धि होती है। यदि विद्यार्थी के मन में भटकाव है तो ध्यान के द्वारा उसको एकाग्रचित्त किया जा सकता है। जिसके परिणामस्वरूप विद्यार्थी का न केवल पढ़ाई मन से करेगा अपितु मन की प्रसन्नता के कारण वह चिंता,अवसाद,तनाव आदि से भी बचा रहेगा।

इस अवसर पर /"हम/" संस्था के हेमंत नांदल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि अज्ञानतावश वर्तमान में दुर्व्यसनों विशेषतया नशे के कारण उनका जीवन बर्बाद हो रहा है, अतः इस बुराई से बचकर वे अपने लक्ष्य को प्राप्त करके परिवार,समाज व देश का भला करें। आपसी मनमुटाव व झगड़ों से बचें। योगी मनीष ने भी विद्यार्थियों को समझाया कि वे सफलता प्राप्त करके अन्य लोगों का मार्गदर्शन करें, वाद विवाद प्रतियोगिता में बढ़चढ़कर हिस्सा लें, झिझक को त्यागे। इस अवसर पर प्राचार्या भारती, प्रविंदर सरोहा, सतवीर मालिक, जयभगवान, रणधीर सिंह आदि उपस्थित रहे।

### गीता जयंती महोत्सव में विद्यार्थियों ने दी प्रस्तुति

**सोनीपत।** अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव के तहत मुरथल अड्डा स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में वीरवार को जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सरोज बाल्याण ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्रतियोगिता में खंड स्तर पर हुई स्पर्धा में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के समापन पर बतौर अतिथि पहुंचे जिला परियोजना समन्वयक जितेंद्र छिक्कारा ने विभिन्न गतिविधियों में अव्वल रहने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल प्राचार्य सुमन बाला ने की। जिला स्तरीय अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव प्रतियोगिता में प्रश्नोत्तरी, निबंध लेखन, श्लोकोच्चारण, भाषण, संवाद व पेंटिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें खंड स्तर पर पहले तीन स्थानों पर रहने वाले राजकीय व गैर राजकीय विद्यालयों से प्रथम वर्ग कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिला स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में सभी खंडों से राजकीय एवं गैर राजकीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

# अगली आप की सरकार: आंतिल

- आप की पद यात्रा को लेकर प्रदेश के लोगों में उत्साह : सतनारायण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई



आप के शिक्षा शैल जिलाध्यक्ष व खरखौदा हलका प्रभारी मास्टर सतनारायण आंतिल संबोधित करते हुए।

आम आदमी पार्टी के शिक्षा शैल जिलाध्यक्ष व खरखौदा हलका प्रभारी मास्टर सतनारायण आंतिल ने कहा कि आप पार्टी की मुहिम के तहत यात्रा को लेकर पार्टी कार्यकर्ता में उत्साह है। आप पार्टी 90 की 90 विधानसभा सीटों के साथ लोकसभा की 10 सीटों पर जीत अर्जित करेगी। वे 21 दिंसबर को होने वाली पार्टी की पद यात्रा को लेकर संबोधित कर रहे थे। आप नेता आंतिल ने कहा कि आज कांग्रेस और बीजेपी का जन आधार लगातार घट रहा है और आप पार्टी का जनाधार बढ़ रहा है। जब हरियाणा के हर घर से झाडू निकलेगी तो पन्ना प्रमुखों के ऊपर भी झाडू फेरने का काम किया जाएगा और भाजपा को जड़ से उखाड़ जाएगा। उन्होंने कहा एसवाईएल पर सिर्फ राजनीति हो रही है जबकि आप पार्टी के आने के बाद एसवाईएल का पानी भी जरूर हरियाणा में आएगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा में जंगल राज को खत्म करने को लेकर आप पार्टी प्रदेश में पूर्ण रूप से सक्रिय है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आप पार्टी भी जीत का रिकॉर्ड बनाएगी। कपिल चौहान (ब्लॉक प्रेजिडेंट राई) अजय टांक (सर्कल राई)अनिल चौहान (सर्कल राई)आनन्द (सर्कल राई) संदीप (सर्कल राई) और ग्राम सचिवों के साथ साथ अन्य पार्टी कार्यकर्ता शामिल हुए।

---



**गोहाना।** अचार और मुरब्बे के स्टालों का अवलोकन करते बलराम कौशिक, नरेंद्र गहलावत व अन्य अतिथि। *फोटो : हरिभूमि*

### हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ दिलाई

**गोहाना।** विकसित भारत संकल्प यात्रा गुरूवार को क्षेत्र के गांव वजीरपुरा व सैनीपुरा पहुंची। गांवों में पहुंचने पर भाजपा के जिला उपाध्यक्ष बलराम कौशिक ने ग्रामीणों के साथ संकल्प यात्रा कास्वागत किया। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉलों का अवलोकन किया और ग्रामवासियों को हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ भी दिलवाई। बलराम कौशिक ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार लगातार अंतिम व्यक्ति के उदय का प्रयास कर रही है। भारत को विकसित बनाने के लिए हर उस कार्य को अंजाम दिया जाएगा जिससे आम जन को लाभ मिले। कार्यक्रम में गांव वजीरपुरा की सुमन व बबीता तथा सैनीपुरा की रमन देवी व संतोष को उज्जवला योजना के तहत मुफ्त में गैस सिलेंडर व चूल्हा वितरित किया। इस दौरान उन्होंने गर्भवति महिलाओं को फल भी वितरित किए। भाजपा नेता नरेन्द्र गहलावत, एसईपीओ यशपाल मौजूद रहे।

# पाइप लाइन बिछाने का काम प्रारंभ

- प्रीतम खोखर ने नारियल तोड़कर कार्य का शुभारंभ किया

हरिभूमि न्यूज . खरखौदा



**खरखौदा।** नारियल तोड़कर पाइप लाइन बिछाने का शुभारंभ करते प्रीतम खोखर।

खरखौदा उपमंडल के गांव थाना खुर्द में जल जीवन मिशन के अंतर्गत पेयजल आपूर्ति के लिए पाइप लाइन बिछाने का काम गुरुवार को शुरू हो गया। भाजपा नेता प्रीतम खोखर ने नारियल तोड़कर कार्य का शुभारंभ किया। दरअसल थाना खुर्द गांव में पेयजल की बहुत किल्लत है विशेषकर दलित बस्ती में। भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रीतम खोखर ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल के समक्ष उक्त समस्या को उठाया था।जिस पर सीएम ने समस्या के समाधान के लिए तत्काल आदेश कर दिए थे। जिससे ग्रामवासी खुश हुए और पेयजलापूर्ति के लिए पाइप लाइन बिछाने का शुभारंभ मिशन के भागीरथ प्रीतम खोखर के कर कमलों से कराने का फैसला किया। शुभारंभ की औपचारिकता के बाद उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए प्रीतम खोखर ने सीएम मनोहर लाल की शान में जमकर कसीदे पढ़े। बता दें कि उल्लेखित मिशन के तहत न सिर्फ डीआई पाइप लाइन बिछाई जाएगी, बल्कि पंप चैंबर का निर्माण किया जाएगा और उसकी चार दीवारी की जाएगी। जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा इन सब पर करीब बीस लाख रुपये की राशि खर्च की जाएगी। जगबीर सिंह प्रधान आदि मौजूद थे।

# हादसे के बाद नहर में गुम युवक का नहीं लगा सुराग

- गोताखोर की टीमों ने 20 किलोमीटर के दायरें में चलाया सर्च अभियान

हरिभूमि न्यूज. सोनीपत

सदर थाना क्षेत्र के गांव ककरोई के पास सीएलसी नहर में अनियंत्रित होकर गिरी कार से लापता हुए युवक का कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। पुलिस व गोताखोर की टीमों ने करीब 20 किलो मीटर तक नहर में सर्च अभियान चलाया। लेकिन दूसरे दिन भी पुलिस व टीमें खाली हाथ ही वापिस लौटी। नहर में दूर-दूर तक तलाश के बाद युवक आशोक को कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया।गांव गढ़ी हांसी हिसार निवासी संदीप ने गत 13 दिसंबर को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि उसका भाई मनीष (29) की सोनीपत के मयूर विहार निवासी विकास से दोस्ती थी। वह तीन दिन पहले अपने दोस्त विकास के पास आया था। मंगलवार देर रात विकास, मनीष और उनका साथी मूलरूप से गांव सिसाना फिलहाल दहिया कॉलोनी नजदीक सेक्टर-23 सोनीपत निवासी अशोक के साथ रोहट की तरफ गए थे। विकास कार को स्वयं चला रहा था। वह घर पर किसी शादी समारोह में जाने की बात कहकर निकले थे। रात 11 बजे रोहट की तरफ से आते कार अनियंत्रित होकर सीएलसी नहर में गिर गई थी।

---


### शंभूदयाल मॉडर्न स्कूल से सेवानिवृत्त लाइब्रेरियन को नहीं मिला वेतन

# साढ़े 3 वर्ष के वेतन के लिए 6 साल का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

शंभू दयाल मॉडर्न स्कूल का पूर्व लाइब्रेरियन अपनी साढ़े 3 साल की तनख्वाह के लिये 6 साल से धक्के खा रहा है। अपने वेतन, ग्रेच्यूटी और छुट्टियों के पैसे के लिये सेवानिवृत्त लाइब्रेरियन ने अधिकारियों से लेकर मंत्री तक गुहार लगा चुका है। इन सबके बावजूद आज तक एक फुटी कौड़ी भी नहीं मिली, जबकि कुल मिलाकर उसे 40 लाख रुपये मिलने चाहिये।

कोट मोहल्ला निवासी ओमप्रकाश ने बताया कि वह शंभू दयाल मॉडर्न स्कूल में 12 सितंबर 1991 से सात अक्तूबर 2019 तक 28 साल लाइब्रेरियन के पद पर कार्यरत थे। स्कूल प्रबंधन ने कर्मचारियों की छंटनी करते हुए सात अक्तूबर 2019 को सेवामुक्त कर दिया था। जिस कारण मेरा पूरा परिवार सड़क पर आ गया था। उन्होंने बताया कि उनका 42 माह का वेतन, ग्रेच्यूटी, छुट्टियों का पैसा व क्षतिपूर्ति भत्ता सभी बकाया है। इनमें से कोई भी पेमेंट चार साल से नहीं दी गई। इसको लेकर अदालत का दरवाजा खटखटाया था। अदालत ने भुगतान करने के आदेश पारित किए थे, उसके बावजूद भुगतान नहीं किया गया। बता दें कि इससे पहले अदालत के आदेश के बाद स्कूल की जमीन का अगला हिस्सा बेच दिया गया था, ताकि कर्मचारियों का भुगतान किया जा सके। उसके बावजूद ओमप्रकाश को आज तक एक भी पैसा नहीं मिला।



अपनी शिकायत के साथ ओमप्रकाश।

#### मंडलायुक्त ने दिया आश्वासन

ओमप्रकाश ने बताया कि उन्होंने जिला परिवाद एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में मंडलायुक्त संजीव वर्मा के सामने अपनी समस्या रखी थी। उन्होंने शिकायत सुनने के बाद संबंधित अधिकारियों का बकाया पैसों का भुगतान 31 जनवरी 2024 तक करने के आदेश दिए हैं।

#### उधार लेकर करवाई थी बेटियों की शादी

ओमप्रकाश ने बताया कि भुगतान जल्द होने की उम्मीद में उन्होंने उधार पैसे लेकर बेटियों की शादी की। वही नहीं घर पर भी लोन लिया हुआ है। लेनदार अब पैसे लेने का दबाव डाल रहे हैं। उन्होंने मांग की है कि कर्मचारियों की ग्रेच्यूटी के लिए करीब 4 साल से 30 लाख रुपये रोककर रखे हुए हैं। उस पैसे में से जल्द भुगतान करवाया जाए, ताकि कर्ज के बोझ से छुटकारा मिल सके।

# बीच ग्रेपलिंग प्रतियोगिता में सोनीपत की टीम तृतीय रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

हरियाणा बीच ग्रेपलिंग पानीपत के यमुना घाट पर आयोजित हुई। जिसमें सोनीपत जिला की टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। सोनीपत ग्रेपलिंग रेसलिंग के जनरल सेक्रेटरी एवं राष्ट्रीय कोच मनीष दहिया ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सोनीपत के 50 खिलाड़ियों ने भाग लिया था और सभी खिलाड़ियों ने मेडल जीत कर जिले का प्रदेश में नाम रोशन किया है। जिनमें से 20 खिलाड़ियों ने स्वर्ण , इतने ही खिलाड़ियों ने रजत और 10 खिलाड़ियों ने कांस्य पदक जीता और टीम को तीसरा स्थान दिलाया। अब पदक विजेता खिलाड़ी 28 से 31 दिसंबर तक विशाखापट्टनम में होने वाले नेशनल गेम्स में हिस्सा लेंगे। मनीष दहिया उक्त इवेंट के हरियाणा टीम के कोच होंगे।




**खरखौदा।** विजेता ट्राफी लेते हुए ग्रेपलिंग के जिला महासचिव मनीष।

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय शूटिंग में वजीर सिंह ने जीते 3 स्वर्ण



**गन्नौर।** भोपाल में हुई राष्ट्रीय शूटिंग चैंम्पियनशिप में मास्टर श्रेणी में छोटी गढ़ी (राजलू गढ़ी) गांव के वजीर सिंह राठी ने तीन स्वर्ण पदक जीतकर गांव का नाम रौशन किया है। उनके जितने पर सोनीपत में देवडू रोड़ स्थित उनकी अकेडमी में भव्य स्वागत किया गया। वजीर राठी ने बताया कि इससे पहले भी वह विभिन्न प्रतियोगितओं में पदक जीत चुका है।

### वाटर चैनल में मिला अज्ञात युवक का शव


**खरखौदा।** क्षेत्र से होकर गुजरने वाली एनसीआर वाटर चैनल में गुरुवार को एक युवक का शव मिला। सूचना पाकर खरखौदा पुलिस ने शव को नहर से बाहर निकाला और उसकी शिनाख्त के प्रयास किए। लेकिन उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। जिसके बाद शव को शवगृह में भिजवा दिया। थाना प्रभारी सुनील कुमार का कहना है कि शव पानी में रहने के कारण फूल चुका है और पहचान नहीं हो पाई है। ऐसे में शव की शिनाख्त करवाने के लिए शवगृह में भिजवाया है और पहचान करवाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## जिला शिक्षा अधिकारी ने बीईओ और स्कूल प्राचार्यों की लगाई ड्यूटी

# 212 स्कूलों में आज होगा निरीक्षण, होगी जरूरी जांच

- पूरा दिन स्कूल में रहकर तैयार की जाएगी रिपोर्ट, रिपोर्ट सौंपी जाएंगी डीईओ को
- विद्यार्थियों से भी बातचीत करेगी टीम, शिक्षा स्तर को ऊपर उठाने के लिये होगा निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत




जिले के 212 राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में विद्यार्थियों का शैक्षणिक स्तर और संसाधनों के प्रयोग की जांच करने के लिये अधिकारियों की टीमें निरीक्षण के लिये पहुंचेंगी। दिनभर स्कूल में रहकर पूरी दिनचर्या का निरीक्षण किया जाएगा, जिसमें प्रार्थना सभा में ड्रम पर होने वाली पीटी से लेकर स्कूलों में लैब की जांच भी शामिल है। इस दौरान विद्यार्थियों से बातचीत भी की जाएगी। शिक्षा विभाग की तरफ से राजकीय स्कूलों में स्कूलों की स्थिति सुधारने और शिक्षा स्तर को ऊपर उठाने के लिए करीब तीन माह में दूसरी बार अधिकारियों की टीम स्कूलों का निरीक्षण करेंगी। स्कूलों में प्रतिदिन ड्रम पर पीटी होती है या नहीं, यह जांचने के लिए ड्रम पर पीटी करवाई जाएगी। शैक्षणिक स्तर जांचने के लिए विद्यार्थियों से लैब में कार्य कराया जाएगा। सभी टीमों को प्रफोर्म दिए गए हैं, जिन्हें अधिकारी स्कूलों का निरीक्षण करने के बाद अपनी रिपोर्ट के साथ जिला शिक्षा अधिकारी को सौंपेंगे।

### बोले अधिकारी

राजकीय स्कूलों में शैक्षणिक स्तर को सुधारने और संसाधनों का का प्रयोग जांचने के लिए शुक्रवार को मेगा निरीक्षण करवाया जाएगा। इसके लिए 212 टीमों का गठन किया गया है। यह टीमें जिले के 212 स्कूलों में जाएंगी और दिन भर स्कूल में ही रहकर विभिन्न स्तर पर जांच करेंगी।

**नवीन गुलिया, जिला शिक्षा अधिकारी, सोनीपत**

### शिक्षा दिक्षा कार्यक्रम के तहत किया था निरीक्षण

बता दें कि कुछ समय पहले ही शिक्षा विभाग ने शिक्षा दीक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के 212 स्कूलों का एक साथ निरीक्षण करवाया था। उस दौरान पंचकूला से शिक्षा निदेशालय के साथ ही प्रदेश भर से शिक्षा अधिकारियों की टीमें गठित कर निरीक्षण किया गया था। अब उसी तर्ज पर जिलास्तर पर 212 टीमें गठित की गई हैं। अब उसी तर्ज पर जिलास्तर पर 212 टीमें गठित की गई हैं।जो अपने से दूसरे खंड के स्कूलों में जाकर निरीक्षण करेंगी। एक टीम एक स्कूल में जाएगी और व्यवस्थाओं का जायजा लेगी।

### ये टीमें करेंगी जांच

- विद्यार्थियों से विषय संबंधित प्रश्न पूछे जाएंगा।
- स्कूलों में बनाई गई लैब के रखरखाव की जांच की जाएगी
- लैब में विद्यार्थियों के कार्य करने की जानकारी जुटाई जाएगी।
- विद्यार्थियों से लैब में कार्य कराकर देखा जाएगा।
- स्कूलों को दी गई खेल किट के प्रयोग की जांच की जाएगी।
- सेट के परिणाम का मूल्यांकन किया जाएगा।
- स्कूल में शिक्षक व विद्यार्थियों की उपस्थिति की जांच की जाएगी।
- प्रार्थना सभा में ड्रम पर पीटी कराई जा रही है या नहीं, इसकी जांच की जाएगी।
- परीक्षा परिणाम को सुधारने के लिए बोर्ड कक्षाओं को करवाई जा रही तैयारियों का मूल्यांकन किया जाएगा।

# पूर्व सीएम से मिला खाप प्रतिनिधिमंडल

- प्रधान जयभगवान आंतिल ने हलके की समस्याओं को विधानसभा में उठाने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई



राई। पूर्व सीएम भूपेन्द्र हुड्डा से आंतिल बारहा खाप के प्रधान जयभगवान आंतिल के नेतृत्व में खाप का एक प्रतिनिधि मंडल मिलते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

आंतिल बारहा खाप के प्रधान जयभगवान आंतिल के नेतृत्व में खाप का एक प्रतिनिधि मंडल पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह से मिला। आंतिल बारहा खाप ने राई हलका की समस्याओं को विधानसभा में उठाने की मांग की। पूर्व सीएम के सामने दुखड़ा रोते हुए खाप प्रधान एवं वरिष्ठ कांग्रेसी जयभगवान आंतिल ने कहा कि भाजपा ने राई की जनता के साथ विश्वासघात किया है। विकास के नाम पर राई हलका काफी पिछड़ गया है। आंतिल बारहा खाप प्रधान एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता जयभगवान आंतिल ने कहा कि भाजपा ने विकास के नाम पर जनता को भ्रमित किया है। राई में कोई ऐसा नया प्रोजेक्ट नही आया, जिसका फायदा हलका की जनता को मिले। भाजपा केवल जाति व धर्म के नाम पर गुमराह कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता अब गांव- गांव जाकर झूठे सपने दिखा रहे हैं। राई के लोगों को चार साल तक भाजपा नेताओं के दर्शन तक नही हुए थे। अब चुनाव नजदीक आया तो गांव- गांव में यात्रा निकाली जा रही है। जनता सब समझ चुकी है। चुनाव में जनता केवल कांग्रेस के पक्ष में मतदान करेगी। इस मौके पर देबी सिंह, रामधन, लक्ष्मीनारायण, जगबीर आंतिल, जयभगवान प्रधान आदि मौजूद थे।

## निगम पार्षद के साथ अधिकारियों ने किया सर्वे

राई। नगर निगम के वार्ड 8 गांव राई में विकास कार्य करवाकर ग्रामीणों की समस्याओं को दूर करवाने के लिए निगम पार्षद एवं भाजपा उपाध्यक्ष पुनीत राई ने अधिकारियों के साथ वार्ड में दौरा किया। हाल में गांव में जो निर्माण कार्य शुरू होने है, उसके लिए सर्वे करवाया और बेहतर गुणवतायुक्त सामग्री से कार्य करनवाने की अपील की। नगरनिगम के अधिकारी सोमबीर, सुरेश लोहान, रामकरण, सचीन, राकेश त्यागी, राकेश कौशिक, देव सरोहा, पंकज, अनिल, सौरव आदि मौजूद थे। पुनीत राई ने कहा कि अपने वार्ड में विकास कार्य करवाना उनकी प्राथमिकता है। वार्ड में गंदे पानी की निकासी का समाधान ही उनकी प्राथमिकता है। वार्ड से गंदे पानी की निकासी के लिए लाखों रुपएं खर्च किए जाएंगे।



राई। निगम पार्षद एवं भाजपा उपाध्यक्ष पुनीत राई अधिकारियों के साथ वार्ड में सर्वे करते हुए।



### विद्यार्थियों ने दी एसओएफ गणित ओलंपियाड परीक्षा

**गोहाना।** साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन, नई दिल्ली की ओर से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कक्षा 1 से 12 तक आयोजित होने वाली गणित ओलंपियाड परीक्षा के प्रथम लेवल के लिए गुरुवार को जवाहरलाल नेहरू वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में परीक्षा सम्पन्न हुई। परीक्षा 107 विद्यार्थियों ने दी। अध्यक्षता विद्यालय के एमडी सुनील शर्मा एवं प्राचार्य डॉ. सचिन शर्मा ने की। परीक्षा के लिए संयोजन उप प्राचार्य सूरत शर्मा एवं सह निर्देशक राजकुमार ने यिा। गणित ओलंपियाड प्रतियोगिता में कक्षा दूसरी से 12वीं तक के चयनित 107 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। प्राचार्य डॉ. सचिन शर्मा ने कहा कि वर्तमान प्रतियोगी युग में गणित ओलंपियाड एक प्रतियोगी परीक्षा है जो छात्रों को उनके गणितीय कौशल और क्षमताओं का मूल्यांकन करती है। इस परीक्षा का प्राथमिक उद्देश्य छात्रों में प्रतिस्पर्धी मानसिकता पैदा करना है। यह गणित विषयों और उनके व्यावहारिक अनुप्रयोगों का व्यापक दृष्टिकोण देता है। जो छात्र गणित के अर्जित ज्ञान के साथ समस्याओं को चतुराई से हल करते हैं, वे स्वतः ही आत्मविश्वास से भरे समस्या-समाधानकर्ता बन जाते हैं।



### डीबीएम के बच्चों ने ली ऊर्जा के संरक्षण की शपथ

**गोहाना।** गोहाना-महम मार्ग पर गांव मदीना में स्थित डीबीएम पब्लिक स्कूल के बच्चों ने ऊर्जा के संरक्षण की शपथ ली। बच्चों ने नाटक के माध्यम से ऊर्जा के संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के संस्थापक विकास मलिक ने की तथा संयोजन प्राचार्या पूजा राणा ने किया। कक्षा 6 के अंश, सचिता, साक्षी, स्नेहा, विनीत, सागर, आयु, मानसी, यश, सृष्टि, दक्ष, लक्ष्य, जारूल, भरत, हिमेश, आदित्य, आर्यन, जैस्मिन और शुभम ने समूहगान के माध्यम से कहा कि ऊर्जा बचाने का करो संकल्प, पृथ्वी बचाने का यही संकल्प है। स्कूल के एमडी विकास मलिक ने कहा कि ऊर्जा का संरक्षण तभी हो सकेगा जब हर कोई इस के लिए प्रयास करेगा। इस अवसर पर शिक्षक अजय मलिक, सुदेश मलिक, रचना रोहिल्ला, स्वाति, बिजेंद्र नरवाल, कविता, अनिल रोहिल्ला, पवन यादव आदि भी मौजूद रहे।

# मंदिर के निर्माणाधीन गेट को तोड़ने का किया विरोध

- लोगों के विरोध के चलते बेरंग लौटी टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



तोड़फोड़ की कार्रवाई करती निगम की टीम।



**सोनीपत।** जेसीबी के सामने आकर विरोध जातते हुए लोग।

पुरानी महावीर कॉलोनी में नगर निगम की टीम व लोगों के बीच विवाद हो गया। लोगों ने मंदिर के निर्माणाधीन गेट तोड़ने का विरोध किया तो निगम की टीम को बैरंग लौटना पड़ा। हुआ यूं कि लक्ष्मीनारायण बालाजी मंदिर का निमार्णाधीन गेट तोड़ने पहुंची नगर निगम की टीम का मंदिर प्रबंधन कमेटी व आसपास के लोगों ने विरोध किया। निगम की टीम ने बुलडोजर से निमार्णाधीन गेट हटाना शुरू किया तो लोगों ने एकत्रित होकर नारेबाजी शुरू कर दी। लोगों का आरोप था कि लोगों की आस्था के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। नगर निगम से मंजूरी लेकर मंदिर का गेट बनवाया जा रहा है। निगम की टीम की ओर से गेट को गिराने की कोशिश करना गलत है। इसके बाद लोगों ने मेयर निखिल मदान व विधायक सुरेंद्र पंवार को फोन किए तो निगमायुक्त के आदेश के बाद टीम वहां से लौट आई। नगर निगम की टीम वीरवार दोपहर भवन निरीक्षक दलबीर सिंह व कनिष्ठ अभियंता विकास कुमार के नेतृत्व में पहुंची थी। इस दौरान टीम ने पुरखास अड्डे के नजदीक पुरानी महावीर कॉलोनी में मुख्य गली पर निमार्णाधीन गेट को बुलडोजर से तोड़ना शुरू कर दिया। इस दौरान मंदिर कमेटी के प्रधान सुरेश भारद्वाज व अन्य लोग मौके पर पहुंच गए। वहां पर मौजूद निगम की टीम का विरोध करना शुरू कर दिया और निगम प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। प्रधान सुरेश भारद्वाज ने आरोप लगाया कि धार्मिक आस्था के चलते मंदिर का गेट का निर्माण किया जा रहा है। लेकिन भाजपा नेताओं के कहने पर निगम प्रशासन की ओर से निमार्णाधीन गेट को तुड़वाने की कोशिश की जा रही है। जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गेट का निर्माण करने से पहले निगम प्रशासन से मंजूरी ली गई थी।

मंदिर कमेटी की ओर से गेट का निर्माण गली में किया जा रहा है। गली में रास्ता रूकने के कारण लोगों की परेशानी झेलनी पड़ेगी। गली में अवैध रूप से निर्माण किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। गली में गेट के निर्माण की कोई मंजूरी भी नहीं दी जाती।
**दलबीर सिंह, भवन निरीक्षक, नगर निगम**

### विवि के बाहर खड़ी इनोवा कार चोरी

**सोनीपत।** कुंडली थाना क्षेत्र के सोनीपत-नरेला सड़क मार्ग स्थित विवि के बाहर खड़ी छात्र की इनोवा कार चोरी होने का मामला सामने आया है। छात्र ने मामले को को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। मंडी गोविंदगढ़ फतेहपुर पंजाब निवासी विनायक गुप्ता ने बताया कि वह ओपी जिंदल ग्लोबल विवि का छात्र है। उन्होंने घर जाने के लिए अपनी इनोवा गाड़ी को 12 दिसंबर की देर रात बारोटा के पास स्थित कैफे के बाहर खड़ा किया था। बाद में 13 दिसंबर की दोपहर को देखा तो उनकी गाड़ी वहां खड़ी नहीं मिली।

# निगम में पंजीकृत होने के लिए सौंपा ज्ञापन

- नगर निगम के पूर्वी क्षेत्र में जलापूर्ति के लिये लगे कर्मचारियों ने भाजपा नेता राजीव जैन से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



**सोनीपत।** भाजपा नेता राजीव जैन को ज्ञापन देने पहुंचें कर्मचारी।

नगर निगम के पूर्वी क्षेत्र में जलापूर्ति के लिए विभिन्न वाटर वर्क्स पर लगे कर्मचारियों ने हरियाणा कौशल रोजगार निगम में रजिस्टर्ड करवाने के लिए मुख्यमंत्री के नाम भाजपा नेता एवं मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन को ज्ञापन सौंपा है। भाजपा नेता ने कर्मचारियों को आश्वस्त किया कि वह जल्दी इस संबंध में अधिकारियों से बात कर समस्या का समाधान करवाएंगे। कर्मचारियों ने बताया कि लगभग 70 कर्मचारी पिछले दस वर्षों से शहर की पेयजल आपूर्ति के लिए ठेकेदार के माध्यम से काम कर रहे हैं जिनमें से 36 कर्मचारियों को वर्ष 2022 में कौशल रोजगार निगम में रजिस्टर्ड कर दिया गया था और कौशल रोजगार निगम की तरफ से नियुक्ति पत्र भी जारी कर दिए गए थे। कर्मचारियों को रोजगार निगम के माध्यम से ज्वाइनिंग देने की फाइल भी चली परन्तु कुछ परेशानी हो गई। जिसके बाद कौशल रोजगार निगम से नियुक्ति रद्द करवा दी गई। कर्मचारियों ने बताया कि वह सभी से गुहार लगा चुके हैं परन्तु कोई सुनवाई नहीं हो रही। कर्मचारियों का कहना है कि सरकार ठेकेदारी प्रथा समाप्त कर रही है।

## न्यूज डायरी

### गर्वनर व कुलाधिपति शोधार्थियों से होंगे रूबरू



**गोहाना।** भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुर कलां में आज हरियाणा के गवर्नर व महिला विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय शोधार्थियों से रूबरू होंगे। जानकारी देते हुए महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुदेश ने बताया कि कुलाधिपति शुक्रवार को विवि में विभिन्न संकायों में पीएचडी कर रही छात्राओं से बात करेंगे। उन्होंने बताया कि शोधार्थियों से नई शिक्षा नीति व विकसित भारत 2047 विषय पर बात करना उनका मुख्य उद्देश्य है। विकसित भारत मिशन को पूरा करने में उच्चतर शिक्षण संस्थान की क्या भूमिका हो सकती है। शोधार्थी कैसे अपने शोध को और बेहतर बनाकर विकसित भारत के निर्माण में अपना योगदान दे सकते हैं।

### राष्ट्रीय पिकल बॉल चैंपियनशिप में जीते सिल्वर पदक



**सोनीपत।** अहमदाबाद में आयोजित 7वीं राष्ट्रीय पिकल बॉल चैंपियनशिप में लिटल एंजल्स स्कूल के अंडर-14 आयु वर्ग के खिलाड़ी संयम व प्रतीक ने महाराष्ट्र की टीम से 4-11, 6-11 के स्कोर से खेलते हुए फाईनल मैच में दूसरा स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही बालिका वर्ग के अंडर- 16 में खुशी व चहक ने भी तमिलनाडू की टीम से फाईनल मैच में कड़े संघर्ष के साथ खेलते हुए 6-11, 9-11 के स्कोर से दूसरा स्थान प्राप्त कर अपने विद्यालय और राज्य का नाम रोशन किया। इसके साथ ही लिटल एंजल्स स्कूल के सीनियर वर्ग के खिलाड़ी रिदम व तनिष्क अपनी कड़ी मेहनत और उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन के आधार पर स्कॉलरशिप के लिए चयनित हुए।

### नोटिस के विरोध में उतरे गैर शिक्षक कर्मचारी



**सोनीपत।** दीनबन्धु छोटूराम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मुरथल, सोनीपत के कुलपति द्वारा गैर-शिक्षक कर्मचारियों के लिए एक नोटिस जारी किया गया। जिसमें कर्मचारियों को दिनांक 01 जनवरी से आगमन व प्रस्थान दोनों समय हस्ताक्षर करके समय लिखना निर्देशित किया गया है। उक्त नोटिस के विरोधस्वरूप गैर-शिक्षक कर्मचारी यूनियन द्वारा वीरवार को आपातकालीन कार्यकारिणी की बैठक कर आम सभा की मिटिंग की गई। जिसमें कर्मचारियों द्वारा उक्त नोटिस का विरोध किया गया तथा विवि प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की गई।

### इंटर यूनिवर्सिटी रेसलिंग में नवदीप ने जीता पदक



**खरखौदा।** आल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी रेसलिंग चैम्पियनशिप चंडीगढ़ में आयोजित हुई। जिसमें प्रताप स्कूल के नवदीप मलिक ने 67 किग्रा भारवर्ग में ग्रीको रोमन स्टाइल में कांस्य पदक प्राप्त कर माता-पिता व अपने स्कूल का नाम रोशन किया। प्रताप स्कूल के एक अन्य पहलवान उमेश ने खेल महाकुंभ स्टेट रैसलिंग प्रतियोगिता में 79 किग्रा में कांस्य पदक प्राप्त किया। दोनों पहलवानों का विद्यालय प्रांगण में द्रोणाचार्य अवार्डी ओमप्रकाश दहिया, प्राचार्या दया दहिया, एकेडमिक डायरेक्टर डॉ सुबोध दहिया व कुश्ती प्रशिक्षकों ने स्वागत किया। दोनों पहलवानों ने अपनी जीत का श्रेय अपने माता-पिता, अपनी कठोर मेहनत को दिया।

हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 8295154800, 9253681005

**मृत्यु अंत नहीं है**
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

## समाज के हर पात्र व्यक्ति को घर बैठे मिल रहा सरकार की योजनाओं का लाभ : चौधरी

# विधायक ने किया गांव सांदल कलां व सांदल खुर्द में जनसंवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर




**सोनीपत।** विधायक निर्मल चौधरी कार्यक्रम के दौरान आंगनवाड़ी की वर्करों को संबोधित करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*



**खरखौदा।** विकसित भारत की शपथ दिलाते हुए चेयरपर्सन मोनिका दहिया व बीडीपीओ दीपिका शर्मा। *फोटो : हरिभूमि*

विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत गांव सांदल कलां व सांदल खुर्द में आयोजन जनसंवाद कार्यकम का शुभारंभ बतौर मुख्यातिथि गन्नौर से विधायक निर्मल चौधरी ने किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल के प्रयासों से देश-प्रदेश में व्यवस्था परिवर्तन का दौर शुरू हुआ है, जिसके परिणाम स्वरूप अंतिम व्यक्ति को घर बैठे सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि यदि कोई पात्र व्यक्ति किसी वजह से सरकार की योजनाओं का लाभ नहीं ले पाए हैं तो वे अब इस यात्रा के दौरान अपने गांव में ही आवेदन कर योजनाओं का लाभ ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के दूरदर्शी विजन के साथ देश-प्रदेश उन्नति के पथ पर अग्रसर हैं। विधायक ने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से चलाई जा रही ह्यविकसित भारत संकल्प यात्राह्ण 2047 तक देश को ह्यआत्मनिर्भर व विकसितह्ण राष्ट्र बनाने के सपने को हकीकत में बदलेगी। इस मौके पर एसडीएम अमित कुमार, भाजपा के वरिष्ठ नेता आजाद नेहरा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष निशांत छोक्कर, सांदल कलां के सरपंच कुलदीप, सांदल खुर्द के सरपंच पवन तथा प्रिंसिपल रेखा सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

**हमारा संकल्प-विकसित भारतह्ण की दिलाई गई शपथ:** विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान विधायक निर्मल चौधरी ने उपस्थित लाभार्थियों को हमारा संकल्प-विकसित भारत की शपथ भी दिलाई। इस कार्यक्रम में केंद्र व हरियाणा सरकार की उपलब्धियों पर आधारित शॉर्ट फिल्म का भी प्रसारण किया गया।

### झरोठ व झरोठी में किया विकसित यात्रा का स्वागत

**खरखौदा।** समाज के अंतिम व्यक्ति को केन्द्र व हरियाणा सरकार की योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ देने की गारंटी के साथ विकसित भारत संकल्प यात्रा गुरूवार को खरखौदा के गांव झरोठी व झरोठ में पहुंची। जिला परिषद चेयरपर्सन मोनिका दहिया ने ग्रामीणों के साथ यात्रा का स्वागत किया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल व प्रदर्शनी लगाकर लोगों को योजनाओं व सरकारी सेवाओं की जानकारी दी गई। चेयरपर्सन मोनिका दहिया ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा गांव-गांव, नगर-नगर पहुंच रही मोदी जी की गारंटी वैन हर एक नागरिक के जीवन में सुरक्षा, समृद्धि और खुशहाली का वाहन बनकर आई है।